<u>विद्या भवन बालिका विद्यापीठ</u>

<u>शक्ति उत्थान आश्रम, लखीसराय</u>

<u>(एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित)</u>

कक्षा- पंचम् **तिथि- 09.08.2021**

विषय-_संस्कृत **सुमिता कुमारी**

सुप्रभात बच्चों,

आज आप सब 'अव्यय' के बारें में' समझेंगे |

<u>संस्कृत</u>

<u>पाठ-8 अव्ययाः</u>

लिंग, विभक्ति, वचन, लकार या पुरुष के कारण जिन शब्दों में किसी तरह का कोई परिवर्तन न हो,वे अव्यव कहलाते हैं ।

जैसे -सः बालकः न अस्ति ।

_____(वह लड़का नहीं है ।)

सा कन्या न अस्ति।

(वह लड़की नहीं है।)

ते बालकाः न सन्ति।

(वे सब लड़कें नहीं हैं।)

तत् फलम् न अस्ति।

(वह फल नहीं है।)

सभी वाक्यों में 'न' का रूप समान है अतः यह अवयव शब्द है।अव्यय शब्दों को स्थानबोधक , कालबोधक एवं प्रश्नबोधक तीन भागों में बाँटा जाता है ।

<u>अव्यय शब्दों के उदाहरण</u> -

सः बालकः न अस्ति। अत्र वृक्षः अस्ति। रामः श्यामः च वदतः।

आम् सा बालिका अस्ति।

<u>अभ्यास</u>

1. **<u>विकल्पेभ्यः उचितम् पदं चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत-</u>**

   <u>(विकल्पों से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए)</u>

(i) जो शब्द लिंग, विभक्ति या वचन के कारण बदलते नहीं हैं, उन्हें ..... कहते हैं।
(क) स्वर ☐ (ख) अव्यय ☐ (ग) व्यंजन ☐

(ii) 'च' अव्यय का प्रयोग संस्कृत में दो शब्दों के ..... किया जाता है।
(क) बाद ☐ (ख) पहले ☐ (ग) बीच में ☐

(iii) ..... शब्द अव्यय है।
(क) बालक: ☐ (ख) तदा ☐ (ग) छात्रा ☐

(iv) 'अधुना' अव्यय शब्द का अर्थ ..... है।
(क) अब ☐ (ख) तब ☐ (ग) जब ☐

2.निम्नलिखितशब्दान् हिंदी भाषायाम् लिखत-

(निम्नलिखित शब्दों को हिंदी भाषा में लिखिए)

(i) कदा .....
(ii) आम् .....
(iii) एव .....
(iv) शनै:शनै: .....
(v) तत्र .....
(vi) अत्र .....